यदि A और B, वास्तविक संख्याओं के समुच्चय के उपसमुच्चय हों, तो इस प्रकार प्राप्त 8 क्रमित युग्म किसी समतल के बिंदुओं की स्थिति निरूपित करते हैं तथा यह स्पष्ट है कि $(a_1, b_2)$ पर स्थित बिंदु, $(b_2, a_1)$ पर स्थित बिंदु से भिन्न हैं।

**☛ टिप्पणी**

(i) दो क्रमित युग्म समान होते हैं, यदि और केवल यदि उनके संगत प्रथम घटक समान हों और संगत द्वितीय घटक भी समान हों।

(ii) यदि A में $p$ अवयव तथा B में $q$ अवयव हैं, तो A × B में $pq$ अवयव होते हैं अर्थात् यदि $n(\text{A}) = p$ तथा $n(\text{B}) = q$, तो $n(\text{A} \times \text{B}) = pq$.

(iii) यदि A तथा B अरिक्त समुच्चय हैं और A या B में से कोई अपरिमित है, तो A × B भी अपरिमित समुच्चय होता है।

(iv) $\text{A} \times \text{A} \times \text{A} = \{(a, b, c) : a, b, c \in \text{A}\}$. यहाँ $(a, b, c)$ एक क्रमित त्रिक कहलाता है।

**उदाहरण 1** यदि $(x + 1, y - 2) = (3,1)$, तो $x$ और $y$ के मान ज्ञात कीजिए।

**हल** क्योंकि क्रमित युग्म समान है, इसलिए संगत घटक भी समान होंगे।

अतः $x + 1 = 3$ और $y - 2 = 1$.

सरल करने पर $x = 2$ और $y = 3$.

**उदाहरण 2** यदि $\text{P} = \{a, b, c\}$ और $\text{Q} = \{r\}$, तो P × Q तथा Q × P ज्ञात कीजिए। क्या दोनों कार्तीय गुणन समान हैं?

**हल** कार्तीय गुणन की परिभाषा से

$\text{P} \times \text{Q} = \{(a, r), (b, r), (c, r)\}$ और $\text{Q} \times \text{P} = \{(r, a), (r, b), (r, c)\}$

क्योंकि, क्रमित युग्मों की समानता की परिभाषा से, युग्म $(a, r)$ युग्म $(r, a)$, के समान नहीं है और यह बात कार्तीय गुणन के प्रत्येक युग्म के लिए लागू होती है, जिससे हम निष्कर्ष निकालते हैं कि

$$\text{P} \times \text{Q} \neq \text{Q} \times \text{P}.$$

तथापि, प्रत्येक समुच्चय में अवयवों की संख्या समान है।

**उदाहरण 3** मान लीजिए कि $\text{A} = \{1,2,3\}$, $\text{B} = \{3,4\}$ और $\text{C} = \{4,5,6\}$. निम्नलिखित ज्ञात कीजिए:

(i) $\text{A} \times (\text{B} \cap \text{C})$ (ii) $(\text{A} \times \text{B}) \cap (\text{A} \times \text{C})$

(iii) $\text{A} \times (\text{B} \cup \text{C})$ (iv) $(\text{A} \times \text{B}) \cup (\text{A} \times \text{C})$

**हल** (i) दो समुच्चयों के सर्वनिष्ठ की परिभाषा से $(\text{B} \cap \text{C}) = \{4\}$.

अतः $\text{A} \times (\text{B} \cap \text{C}) = \{(1,4), (2,4), (3,4)\}$.

(ii) अब $(\text{A} \times \text{B}) = \{(1,3), (1,4), (2,3), (2,4), (3,3), (3,4)\}$

(iv) **परिमेय फलन (Rational functions)** , के प्रकार के फलन जहाँ $f(x)$ तथा $g(x)$ एक प्रांत में, $x$ के परिभाषित बहुपदीय फलन हैं, जिसमें $g(x) \neq 0$ **परिमेय फलन** कहलाते हैं।


**उदाहरण 15** एक वास्तविक मान फलन $f : \mathbf{R} - \{0\} \rightarrow \mathbf{R}$ की परिभाषा ,
$x \in \mathbf{R} - \{0\}$ द्वारा कीजिए। इस परिभाषा का प्रयोग करके निम्नलिखित तालिका को पूर्ण कीजिए। इस फलन का प्रांत तथा परिसर क्या हैं?

| $x$ | –2 | –1.5 | –1 | –0.5 | 0.25 | 0.5 | 1 | 1.5 | 2 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| $y =$ | … | … | … | … | … | … | … | … | … |

**हल** पूर्ण की गई तालिका इस प्रकार है:

| $x$ | –2 | –1.5 | –1 | –0.5 | 0.25 | 0.5 | 1 | 1.5 | 2 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| $y =$ | – 0.5 | – 0.67 | –1 | – 2 | $\frac{f(x)}{g(x)}$ $f(x) = \frac{1}{x}$ | 2 | 1 | 0.67 | 0.5 |

इसका प्रांत, शून्य के अतिरिक्त समस्त वास्तविक संख्याएँ हैं तथा इसका परिसर भी शून्य के अतिरिक्त समस्त वास्तविक संख्याएँ हैं। $f$ का आलेख आकृति 2.12 में प्रदर्शित है।




$f(x) = \frac{1}{x}$ **आकृति 2.12**

